Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 24-08-2006

Participants : Jatiya Dr. Satyanarayan

an>

Title : Need to provide immediate flood and draught relief to Madhya Pradesh.

डॉ. सत्यनारायण जटिया (उज्जैन) : अध्यक्ष महोदय, प्राकृतिक आपदा से देश में विाम स्थिति बनी हुयी है। बरसात, सूखे अकाल के कारण आज देश में भयावह स्थिति बनी हुयी है। देश के अनेक प्रदेशों में इस संकट से लोग जूझ रहे हैं और इन सारी परिस्थितियों में केंद्र सरकार को जो सहायता देनी चाहिए, उसके बारे में चिंता नहीं की जा रही है। मेरा आपके माध्यम से आग्रह है कि मध्य प्रदेश के कई जिलों में भारी बरसात ने जहां जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है, वहां अवर्ा के कारण उत्तर और पूर्वी मध्य प्रदेश का जनजीवन कटप्रद स्थिति में है। भीाण वर्ा के कारण जन-जन को भारी क्षति हुयी है, 121 लोगों की मौत हो गयी, 8 लोगों का अभी तक पता नहीं लगा है, 8819 पशु मारे गए हैं और 77080 घर ध्वस्त होकर बरसात में बह गए हैं। बरसात की बाढ़ से साढ़े पांच लाख की आबादी पूरी तरह से प्रभावित हुयी है और साढ़े तीन लाख एकड़ कृाि भूमि जिसमें फसल उगायी गयी थी, उसे भारी नुकसान हुआ है। मध्य प्रदेश की इस विाम परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए मध्य प्रदेश की सरकार ने केंद्र सरकार से साढ़े बारह सौ करोड़ रूपए की मांग की है, किंतु मध्य प्रदेश को सहायता देने के संबंध में अभी तक केंद्र सरकार ने कुछ नहीं कहा है। मध्य प्रदेश की संकट की परिस्थितियों में मैं माननीय प्रधानमंत्री जी से आग्रह करना चाहूंगा कि इस विाम परिस्थिति में साढ़े बारह सौ करोड़ रूपए की सहायता देकर, मुश्किल में फंसे हुए लोगों को सहायता देने का काम करें। महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से यही अनुरोध करना चाहता हूं। ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Other matters will be taken up later in the evening.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : अध्यक्ष महोदय, मैंने नोटिस दिया है।

अध्यक्ष महोदय : आप जानते हैं और हमने तय किया है कि थोड़ा भाग पहले होगा और थोड़ा बाद में होगा।

...(व्यवधान)